# बॉयज में कुशल और गर्ल्स में नीतू को पहला स्थान

■ एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़

अग्रवाल कॉलेज में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। इसके कंपाउंड राउंड के छात्र वर्ग में कुशल दलाल (सीडीजेएम कॉलेज, कुटाना) ने प्रथम, मोहित (एआईजेएचएम कॉलेज, रोहतक) ने द्वितीय और पुलकित कजला (साउथ पॉइंट कॉलेज, सोनीपत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में नीतू मलिक (एमकेजेके कॉलेज, रोहतक) ने प्रथम, मुस्कान सैनी (अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़) ने द्वितीय व शिवानी देशवाल (एमकेजेके कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान हासिल किया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुभाष शर्मा, जूडो कोच, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल टंडन उपस्थित रहे।

